आमिर खान से अफेयर की खबरों पर दंगल गर्ल फातिमा ने तोड़ी चुप्पी

फिल्म दंगल से बॉलिवुड में ग्रैंड डेब्यू करने वालीं फातिमा सना शेख और आमिर खान के अफेयर की खबरें काफी वक्त से चर्चा में है। वैसे तो इस मामले पर दोनों ही स्टार्स ने कभी कुछ नहीं कहा, लेकिन हाल ही में फातिमा ने इस मामले पर चुप्पी तोड़ी।

एक इंटरव्यू में जब फातिमा से आमिर से बढ़ रही नजदीकियों और अफेयर के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा,यह बहुत अजीब बात है। एक बार मेरी मां टीवी देख रही थीं और उन्होंने मुझे दिखाया कि मेरी फोटो टीवी पर आ रही थी। चैनल पर जिस तरह की खबर चल रही थी उसे देखकर मैं काफी डिस्टर्ब हो गई। उसे समय मुझे लगा कि पहले मुझे खुद को समझाने की जरूरत है। लेकिन अब मुझे ऐसा महसूस नहीं होता। अब मुझे दूसरों को समझाने की जरूरत महसूस नहीं होती। मुझे लगता है कि आप जो भी करेंगे लोग आपके बारे में जरूर बोलेंगे। लोगों का काम है बोलना वे बोलेंगे। लेकिन उससे मुझे प्रभावित नहीं होना है। बता दें कि फातिका का नाम आमिर के अलावा उनके ऑनस्क्रीन भाई का किरदार निभाने वाले आपारशक्ति के साथ भी जुड़ चुका है। इस पर फातिमा ने कहा वे दोनों बहुत ही स्पेशल लोग हैं। मुझे उनके साथ किसी तरह के लिंक अप्स की खबरों से प्रभावित होने की कोई जरूरत नहीं है।

आपको मालूम ही होगा कि फातिमा आमिर की फिल्म दंगल और ठग्स ऑफ हिंदोस्तान में नजर आ चुकी हैं। खबरों की मानें तो आमिर जल्द ही एक नई फिल्म बनाने वाले हैं जिसमें फातिमा बतौर ऐक्ट्रेस नजर आने वाली हैं।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अमायरा दस्तूर अपने मेकअप आर्टिस्ट के लिए सांता बनी

अभिनेत्री अमायरा दस्तूर ने अपनी सहेलियों के साथ संता बनने का निर्णय लिया और क्रिसमस की शाम वह संता बन गईं ताकि उनकी मेकअप आर्टिस्ट को अपने परिवार की याद न आए। यह पारंपरिक इंग्लिश क्रिसमस डिनर होगा, जिसमें सभी लड़कियां त्योहार के मौके पर तरह-तरह के व्यंजन बनाएंगी। अमायरा ने कहा, क्रिसमस डे पर सिट डाउन डिनर है, जैसे वेस्ट में बड़ा परिवार है। हम इस साल हमारे साथ होने वाले अच्छे कामों के लिए धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा, यह मेरा पहला पारंपरिक क्रिसमस डिनर होगा और यह और भी खास है क्योंकि वर्षो बाद हम सभी लड़कियां एक साथ शहर में हैं और हम मुंबई क्रिसमस पार्टियों के बजाय इसे अलग तरीके से मनाना चाहते हैं। यह पारिवारिक छुट्टी है और ये लड़कियां मेरा परिवार है। अमायरा आगामी फिल्म मेंटल है क्या, मेड इन चाइना और प्रस्थानम में दिखाई देंगी।

रहमान के गाने रिंगा रिंग...पर परफॉर्म करेंगी महक चहल

'बिग बॉस' और 'पावर कपल' जैसे रियलिटी शो का हिस्सा बन चुकीं अभिनेत्री महक चहल स्टॉकिंग पर आधारित आगामी शो 'एक थी रानी, एक था रावण' में दिखाई देंगी।

वह धारावाहिक के लीड किरदार रिवाज की सगाई पार्टी में फिल्म 'स्लमडॉग मिलियनेयर' के गीत 'रिंगा रिंग' पर थिरकती नजर आएंगी।

महक ने बयान में कहा, ''मैं स्टार भारत के आगामी शो 'एक थी रानी, एक था रावण' का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं ए.आर. रहमान सर के मशहूर गीतों में से एक 'रिंगा रिंग' पर परफॉर्म करूंगी।''

उन्होंने कहा, ''मैं जल्द ही गाने की शूटिंग शुरू कर दूंगी। मैं इसे लेकर बहुत उत्सुक हूं।''

रोहित की फिल्म में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभायेंगे अक्षय कुमार

डायरेक्टर रोहित शेट्टी इन दिनों अपनी रिलीज़ के लिए तैयार फिल्म सिंबा के प्रमोशन में जुटे हैं। सिंबा की रिलीज़ के बाद वह अक्षय कुमार के साथ अपनी अगली फिल्म का काम शुरू करेंगे। जब से यह खबर सामने आई है कि अक्षय और रोहित साथ काम करेंगे, तब से कई सवाल भी उठ रहे हैं, जैसे फिल्म का विषय क्या होगा। अक्षय रोहित की फिल्म में किस अवतार में नजर आएंगे। खबर है कि रोहित शेट्टी खिलाड़ी कुमार को लेकर एक पुलिस वाले की कहानी सामने लाएंगे।

रोहित की अगली फिल्म में अक्षय कुमार एक पुलिस वाले के अवतार में नजर आएंगे। वैसे भी रोहित की पकड़ पुलिस वालों की कहानी पर बहुत मजबूत है। अजय देवगन के साथ सिंघम सीरीज और रणवीर सिंह के साथ सिंबा जैसी कमर्शल फिल्म बनाने के बाद रोहित बॉलिवुड में एक और पुलिस वाला अफसर लेकर आएंगे और इस अफसर का रोल अक्षय कुमार अपने अंदाज में निभाएंगे। वैसे अक्षय पहले भी पुलिस वाले के रोल में कई बार नजर आ चुके हैं।